अप्रैल में दो हजार मेगावाट बढ़ जाएगा बिजली का उत्पादन

राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ : भीषण गर्मी में बिजली की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल ने निर्माणाधीन परियोजनाओं से बिजली उत्पादन के संबंध में सोमवार को समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी से तय अवधि में बिजली का उत्पादन शुरू करने की हिदायत दी।

शक्ति भवन में आयोजित बैठक में अध्यक्ष ने जवाहरपुर, ओबरा और खुर्जा की 660-660 मेगावाट की दो-दो इकाइयां, घाटमपुर में 660 मेगावाट की तीन इकाई और पनकी में 660 मेगावाट की एक निर्माणाधीन इकाई की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निर्माण में किसी तरह की हीलाहवाली न की जाए। अध्यक्ष को बताया गया कि निर्माणाधीन इकाइयों में से तीन से लगभग दो हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन मई में शुरू हो जाएगा। जून-जुलाई में भी 660-660 मेगावाट की एक-एक यूनिट से बिजली का उत्पादन शुरू होने की उम्मीद जताई गई।

अध्यक्ष ने बढ़ती गर्मी का हवाला देते हुए कहा कि आने वाले समय में विद्युत की मांग और बढ़ेगी, जिसके अनुरूप प्रदेश में विद्युत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। तय शेड्यूल के अनुरूप आपूर्ति के लिए जरूरी है कि तय तिथियों पर इकाइयां अपना उत्पादन शुरू करें।